Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7651	14.08.2023	17.08.2023	Dehradun Uttarakhand	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/uttarakhand/story-dengue-340-suspected-patients-in-12-hours-50-admitted-dengue-fever-precaution-8576178.html
Title:	**340 suspected cases, 50 admitted in 12 hours due to dengue in Dehradun, Uttarakhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Dehradun, SSU- Uttarakhand			

उत्तराखंड में बरसाती मौसम लोगों की सेहत पर भी भारी पड़ता जा रहा है। बरसात में डेंगू के केसों में लगातार इजाफा हो रहा है। चिंता की बात है कि दून एवं कोरोनेशन अस्पताल की ओपीडी बंद होने से इमरजेंसी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक 12 घंटे में 400 मरीज पहुंचे, इनमें से 340 मरीज डेंगू संदिग्ध थे। इनमें से 50 को भर्ती किया गया। दून अस्पताल में मॉर्निंग पाली में ईएमओ डॉ. प्रशांत चौधरी और पीजी डॉक्टर प्रशांत ने 150 मरीज देखे। इनमें से 120 डेंगू जैसे लक्षणों वाले थे, इनमेंसे 15 को भर्ती किया गया। अन्य को दवाई देकर डेंगू एवं टायफाइड की जांच करानेको ओपीडी मेंआनेको कहा गया। शाम की पाली में डॉ. नरेश राणा ने करीब 100 सेज्यादा मरीज देखे, 15 भर्ती किए। उधर, कोरोनेशन अस्पताल में मॉर्निंग में डॉ. प्रताप सिंह ने 80 मरीज देखे, इविनिंग डॉ. मुकेश पाल, डॉ. मनीष शर्मा ने भी 70 से ज्यादा मरीज देखे।

निजी अस्पतालों को जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश एसीएमओ और डेंगू नोडल अधिकारी डॉ. सीएस रावत का कहना है कि सभी अस्पतालों का ग्रुप बनाया गया है। उन्हेंकहा गया है कि हर मरीज की रिपोर्ट उनसे साझा करें, ताकि ऑडिट हो सके और उच्चाधिकारियों को भी सही रिपोर्ट जा सके। डीएमओ सुभाष जोशी के निर्देशन में टीम ने अजबपुर कलां, दीपनगर, रेस कोर्स, जीएमएस रोड आदि जगहों पर दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC